## पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**हिण्डौन सिटी** । जहानाबाद में शनिवार को जोगी समाज के एक बुजुर्ग को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भर्ती कर लिया गया। ड्यूटी डॉक्टर जयलाल माली ने बताया कि घायल जहानाबाद निवासी बद्री जोगी (60) है। घायल के बेटे राधामोहन जोगी और प्रकाश ने बताया कि उसके पिता हिंडौन जाने के लिए निकले थे।

इस दौरान सामने से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें वो घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सड़क दुर्घटना की जानकारी दी। जिस पर परिजन घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

साथ ही पिकअप ड्राइवर के खिलाफ गाड़ी नंबर के आधार पर लापरवाही से टक्कर मारने की शिकायत देकर प्राथमिकी पेश की है। परिजनों ने बताया कि घायल घर-घर जाकर आटा, अन्न आदि मांगकर जीवन यापन कर रहे थे। दुर्घटना में उनका एक पैर फ्रैक्चर हो चुका है।

# कैलादेवी पदयात्रियों का महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान ने स्वागत किया

**करौली** (नि.स.)। महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान परिसर में माली समाज की ओर से पहली बार सबलगढ़ से कैलादेवी की पदयात्रा लेकर आए विधायक बैजनाथ कुशवाहा सहित उनकी संपूर्ण पद यात्रियों का अल्पाहार करा कर माला साफा व कैलामाता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक बैजनाथ कुशवाहा ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी संस्थान पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में हमें जो चंबल में प्रवेश करने के बाद लगातार स्वागत मिला है। उससे कहीं ज्यादा संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली के द्वारा जो संस्थान परिसर में आप सब के सहयोग से स्वागत सत्कार किया गया है। इसे सबलगढ़ से आए सभी कैला माता के पदयात्री कभी भुला नहीं पाएंगे। इस दौरान उन्होंने समाज विकास के लिए कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता समाज के विकास के लिए शिक्षा अति आवश्यक है छात्रावास में ऐसे विद्यार्थी तैयार किए जाए जो आगे चलकर उच्च पदों पर आसीन हो जिससे आने वाले बच्चों को प्रेरणा मिल सके। संस्थान प्रवक्ता गोपाल लाल माली ने कि महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान की ओर से कैलादेवी माता के पद यात्रियों का स्वागत सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाह उनकी धर्मपत्नी बसंती देवी पुत्र ललित कुशवाहा पुत्र वधू मिली,ललित कुशवाह,मीरा कुशवाहा नीता शर्मा,उदय राज जादौन,भगवान सिंह, सरपंच राम सिंह, सरपंच संतोष सिकरवार, मुन्ना महाराज, रामदयाल गुर्जर, दर्शन सरपंच सहित सभी पद यात्रियों का कैलामाता की तस्वीर,साफा,सॉल माला भेटकर स्वागत किया गया।



महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के पदाधिकारियों ने करौली में पदयात्रियों का स्वागत किया।

## हादसे में एक दर्जन मजदूर घायल

**हिण्डौन सिटी** । श्री महावीरजी - नादौती मार्ग स्थित कैमला के पास शनिवार को फसलों की कटाई के लिए महिला मजदूरों को ले जा रहा एक किसान बुग्गा बेकाबू होकर सड़क से नीचे गड्ढे में पलट गया। जिसमें सवार करीब 12 महिलाओं को गंभीर रूप से चोट आई है।

जिन्हें नजदीकी अस्पताल श्रीमहावीरजी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में पाए जाने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। ड्यूटी डॉक्टर मनोज जांगिड़ ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुई महिलाओं को जिला अस्पताल के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती किया गया है। जिनमें 4 महिलाओं की स्थिति काफी गंभीर है। सिर पर चोट एवं पैरों में फ्रैक्चर भी पाए गए है। उन्होंने बताया कि घायल महिलाओं में चांदनगांव निवासी हेमलता जाटव पत्नी राजेंद्र, सोमवती पत्नी प्रेम सिंह, मुनीरा पत्नी शकूर, नितेश पत्नी मुकेश, ललिता पत्नी कोमल, सुनीता पत्नी लालाराम, सुनीता पत्नी अतर सिंह, संतादेवी, रशीदा, इतवारी, पतिदेवी और एक अन्य महिला ,घायल है। इसी के साथ हेमलता और इतवारी के भी गंभीर चोट आई है।

## सार-समाचार

### देवी सिंह मीणा अध्यक्ष नियुक्त

**करौली** (नि.स.) । शनिवार को करौली तहसील के समस्त स्टांप वेंडर की आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर देवी सिंह मीणा को निर्विरोध चुना गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष देवी सिंह मीणा ने बताया कि शनिवार को स्टांप वेंडर एसोसिएशन कोर्ट परिसर की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से मुझे अध्यक्ष पद पर चुना गया इसके बाद कार्यकारिणी का गठन करते हुए कोषाध्यक्ष के पद पर ललित कुमार शर्मा को चुना गया है।

### बैठक 21 को

**करौली** (नि.स.) । अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि राजस्थान संस्कृति महोत्सव की पूर्व तैयारियों के संबंध मे 21 मार्च को प्रात: 12 बजे जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित की जायेगी। इस संबंध मे महोत्सव के जिला व ब्लॉक स्तर पर सफल क्रियान्वयन हेतु सहायक कलेक्टर प्रीती चक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा इस संबंध मे जिला कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर जिला स्तर पर अध्यक्ष नोडल अधिकारी,सदस्य सचिव एवं सदस्य सहित कमेटी गठित की है ।

### जाट अधिवेशन आज

**करौली** (नि.स.) । करौली जिले से अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रतिनिधि लक्ष्मण चौधरी ने बताया कि जाट संसद के द्वारा 19 मार्च को पंचकूला (चंडीगढ़) में स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज की कला,शिक्षा,साहित्य व गौरवशाली जाट इतिहास पर मंथन होगा एवं समाज के युवाओं,लोगों व पूरे समाज को हर क्षेत्र मे और भी अधिक ऊंचाइयों पर पहुँचाने के लिए समाज के अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ व गणमान्य लोगों द्वारा मंथन करते हुए अपना मार्गदर्शन देकर आगे की दिशा तय की जाएगी।

## कार्यकारिणी का गठन किया

**करौली** (नि.स.) । जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट जयेन्द्र सिंह जादौन ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है।

अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह ने बताया की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर एडवोकेट अचलेश मीणा दिनेश सिंह,अनिल चतुर्वेदी,पप्पू माली,कुलदीप धाभाई,सचिव अब्दुल वाहिद एडवोकेट,सहायक सचिव अशोक सिंह,महेश जाटव,रितेश सारस्वत,उस्मान खान,रामजीत कुशवाहा को,कोषाध्यक्ष नेमीचंद गर्ग को,उपकोषाध्यक्ष मदन मोहन बंसल एडवोकेट को,कार्यालय प्रभारी कुलदीप शर्मा,आशीष जैन,सुरज्ञान सिंह मीणा को,पुस्तकालय सचिव श्यामसुंदर सेन, वीर सिंह टाटावत, सचिव स्वागत समिति में मुकेश सिंह एडवोकेट इमरान बुखारी, वीरेंद्र धाभाई एवं प्रवक्ता के पद पर एडवोकेट महेंद्र मुद्गल एवं साबिर खान को नियुक्त किया गया है।

# शहीद कमांडो के शव को 4 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

**हिण्डौन सिटी** । उत्तर प्रदेश के मेरठ में राजस्थान का एक कमांडो कुलदीप गुर्जर शहीद हो गया। करौली का रहने वाला यह जवान वॉर प्रैक्टिस के दौरान हुए ब्लास्ट में घायल हो गया था। घायल जवान ने मिलिट्री हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम दर्शनों के बाद शहीद के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए मोक्ष धाम ले जाया गया। जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के 4 साल के बेटे मन्नू ने मुखाग्नि दी। कैप्टन दिनेश कुमार ने पिता वृंदावन सिंह को तिरंगा सौंपा। तिघरिया (करौली) के कुलदीप गुर्जर (30) भारतीय सेना की 6 राजपूत रेजिमेंट में कमांडो थे। जानकारी के अनुसार वे शुक्रवार को मेरठ में रेग्यूलर वॉर प्रैक्टिस के दौरान गंभीर घायल हो गए थे। शहीद की पार्थिव देह दोपहर 2 बजे उनके पैतृक गांव से 3 किलोमीटर दूर देवलने मोड़ पहुंची थी। जहां से तिरंगा यात्रा के साथ उनके गांव पहुंची थी। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे।कुलदीप की 1 दिन पहले पिता से हुई थी बात टोडाभीम उपखंड क्षेत्र की तिघरिया ठाम पंचायत के मोडानकापुरा के रहने वाले कुलदीप गुर्जर की गुरुवार शाम को उनके पिता वृंदावन सिंह से फोन पर बात हुई थी। फोन पर अपनी मां का हालचाल पूछा। वह घर के कुछ जरूरी कामों के लिए मई में छुट्टी लेकर आने वाला था, लेकिन उसकी शहादत की खबर आ गई। शहीद की तीन पीढ़ियां सेना में शहीद कुलदीप गुर्जर की तीन पीढ़ियां सेना में देश सेवा कर चुकी हैं।

## 'वीरांगनाओं का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान'

**धौलपुर** । डॉ किरोड़ी लाल मीणा के समर्थन में चल रहे धरना में आज अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर पोसवाल जिला कलेक्ट्रेट दौसा पर शामिल हुए।

पोसवाल ने बताया की डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने उन वीरांगनाओं का मुद्दा उठाया उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी जिन्होंने अपने पतियों को इस देश की रक्षा सुरक्षा के लिए नौ छावर कर दीया आज कांग्रेस की सरकार उन वीरांगनाओं का अपमान कर रही है। इस अपमान को नहीं सहेगा। डॉक्टर किरोडी लाल मीणा जी के साथ जो अन्याय अत्याचार सरकार के इशारे पर पुलिस ने किया है उसको सहन नहीं किया जाएगा और उसी सरकार का मंत्री ऐसी बातें करता है की भला वीरांगना तो उसके नाते चली गई और वह उसके साथ है भला नहीं कर सकते लेकिन वीरांगनाओं को सामाजिक रुप से भी अपमानित करने का काम किया है ।

# रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा



राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति की बैठक आयोजित हुई।

**भरतपुर** (निस)। राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा के अंतर्गत रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को एक बैठक हेलीकॉप्टर कंपनी के प्रतिनिधि के साथ हुई। इसमें प्रमुख रूप से शोभायात्रा समिति के संयोजक चंद्र प्रकाश शर्मा टीटू सह संयोजक लाखन पहलवान, संजय चौधरी विनय गर्ग सीए मीडिया प्रभारी शैलेश कौशिक, विनोद कोठारी पन्नी, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया की शोभायात्रा के दिन हेलीकॉप्टर द्वारा 11 क्विंटल पुष्पों की वर्षा शोभा यात्रा मार्ग के साथ-साथ भरतपुर शहर के प्रमुख मंदिर श्री बांके बिहारी मंदिर, लक्ष्मण मंदिर एवम शहर में की जाएगी।

## युवा संवाद कार्यक्रम 1 अप्रैल से

**करौली** (नि.स.) स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष और अपने लोगों संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पंचप्राण के मंत्र की घोषणा की थी अमृत काल के युग में भारत/ 2047 की एक दृष्टि।

इसी क्रम में युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा 1 अप्रैल से 31 मई तक देश भर के सभी जिलों में समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के माध्यम से युवा संवाद- भारत/2047 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम को जिले के विभिन्न सीबीओ (समुदाय आधारित संगठनों) के सहयोग और समर्थन के साथ जिला स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

# कैलादेवी के पदयात्रियों की मान मनुहार में जुटे क्षेत्रवासी

**सूरौठ** । चैत्र मास में शुरू होने वाले कैलादेवी के लक्खी मेले में जहां श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है वही क्षेत्रवासियों में भी मां के भक्तों की सेवा करने की एक होड़ सी मची हुई है जिसके चलते कदम कदम पर क्षेत्रवासी कैलामैया के पदयात्रियों की सेवा में खड़े हैं उत्तर भारत में प्रसिद्ध आस्था का केंद्र शक्तिपीठ राजराजेश्वरी कैला मैया के दरबार में चैत्र मास मास में वार्षिक लक्खी मेले का आयोजन होता है जिसमें राजस्थान सहित आसपास के प्रदेशों से रोजाना लाखों श्रद्धालु मैया के दरबार में पहुंचकर हाजिरी लगाते हैं और मनौती मांगते हैं इसी दौरान कैला देवी के इस लक्खी मेले में यू तों लगभग तीन-चार दिन से पदयात्रियों का आना शुरू हो गया है लेकिन शुक्रवार से पदयात्रियों की भारी आवक शुरू होने से सैकड़ों किलोमीटर का रास्ता भक्तों से अटा पड़ा है इस दौरान आगरा मथुरा फिरोजाबाद ग्वालियर एटा मैनपुरी दिल्ली हरियाणा के गुड़गांव अलीगढ़ हिसार पानीपत सोनीपत पलवल होडल इटावा आदि दूरदराज के क्षेत्रों से पदयात्रियों के जत्थे मां के दरबार पर पहुंचने शुरू हो गए हैं पद यात्रियों के लिए जगह-जगह भंडारे लगाकर नाश्ता चाय भोजन विश्राम चिकित्सा आदि को लेकर कदम कदम पर खड़े क्षेत्रवासी पूरी मानमनुहार से पदयात्रियों की सेवा कर रहे हैं पदयात्रियों की सेवा के लिए जगह-जगह निशुल्क भोजन तो कहीं चाय नाश्ता तो कहीं फल वितरण किए जा रहे हैं इसके अलावा

पदयात्रियों के स्वास्थ्य के लिए जगह-जगह व बस स्टैंड पर युवा विकास समिति सूरौठ द्वारा निशुल्क उपचार कैंप लगा देखा जा सकता हैं पदयात्री माता के भजनों की धुन पर नाचते गाते हुए निकल रहे हैं वहीं पंडाल में चल रहे मां के लांगुरिया पर पदयात्री भावविभोर होकर जम कर थिरक रहे हैं ।

कस्बे के भक्तगण पदयात्रियों की सेवा में सच्चे मन से लगे हुए हैं नवयुवक मंडल के सदस्य सत्यप्रकाश सिंघल राजेंद्र प्रसाद शर्मा अमित नांगरिया गिरजेश विजयवर्गीय संजय जिंदल सुरेश सैनी जीतू गोयल सत्तों ताली वाले कृष्णा गोयल अजय गोयल लखन लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरौठ कस्बे में पद यात्रियों के लिए लगातार 13 वर्षों से चले आ रहे हैं नवयुवक मंडल के द्वारा विवेकानंद स्कूल के पास लगने वाले भंडारे के कमेटी सदस्यों के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार कैला माता का भंडारे का आयोजन किया गया।

## महिलाओं ने किया गणगौर पूजन

**करौली** (नि.स.) । भारतीय परम्परा अनुसार कई वर्षों पहले तक अविवाहित एवं विवाहित महिलाएं होली से गणगौर तक नियमित रूप से 16 दिवसीय त्यौहार के रूप में गणगौर खेलती थी। जिसमें मौहल्ले पड़ौसी की सभी सखियाँ मिलकर किसी बगीचे में जाती थी और वहां से दूल्हा एवं दुल्हन का वेश रख कर सभी सखियों के घरों तक जाती थी। उसके पश्चात महिलाएं अपने सुहाग की कामना के लिए पूरे हर्षोल्लास से 16 दिन का गणगौर पूजन किसी भी निश्चित स्थान पर सभी सखियाँ गणगौर का पूजन करती थी। लेकिन धीरे धीरे यह परम्परा विलुप्त प्राय होती दिख रही है।

इसी को ध्यान में रखते हुए एवम अपनी भारतीय परम्पराओ को जीवित रखने के उद्देश्य से जगदंबा कॉलोनी में ज्योति बंसल के निज निवास पर महिलाओं की ओर से गणगौर पूजा की जा रही है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन गणगौर की पूजा अर्चना कर श्रृंगार किया जाता है।

# गंगापुर सिटी जिला बनाने से बामनवास क्षेत्र की बिगड़ी तस्वीर

**बामनवास** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट रिप्लाई में गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा के बाद बामनवास विधानसभा क्षेत्र की बिगड़ी हुई तस्वीर सामने आई है अब तक बामनवास विधानसभा क्षेत्र एक ही जिले सवाई माधोपुर में आया करता था , लेकिन अब गंगापुर सिटी जिला बनने की स्थिति में आने के साथ बामनवास विधानसभा क्षेत्र दो जिलों में बंट जाएगा । इस विधानसभा क्षेत्र में विधायक तो एक होगा लेकिन जिला कलेक्टर दो होंगे ।

पहले बामनवास उपखंड मुख्यालय पर स्वीकृत हुए अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय को स्थानांतरित करवा दिया गया था, अब बोली वाले लोगों को डिप्टी एसपी कार्यालय काम पड़ने पर बामनवास आना पड़ेगा एवं बामनवास वाले लोगों को अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय काम होने पर करीब साठ किलोमीटर दूर बोली जाना पड़ेगा। गंगापुर सिटी के जिला बनने के बाद बामनवास विधानसभा क्षेत्र के लोगों में सवाल उठ रहे हैं कि विधानसभा क्षेत्र के बोली उपखंड मुख्यालय को सवाई माधोपुर जिले में रखा जाएगा या फिर गंगापुर सिटी जिले में जोड़ा जाएगा । अगर बामनवास विधानसभा क्षेत्र दो जिलों में बंट जाता है तो अब तक बामनवास से खड़े होने वाले प्रत्याशियों के बीच स्थानीयता का मुद्दा हावी रहता था लेकिन अगली बार चुनाव में अब बाहरी क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में राजनीति का नया अध्याय शुरु हो जायेगा, वहीं राजनीतिक एवं प्रशासनिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े जानकारों की माने तो गंगापुर सिटी को जिला बनाने से पहले एवं सवाई माधोपुर जिले से अलग करने को लेकर कई तकनीकी खामियां छोडी तो आने वाले समय में काफी मुश्किलें खड़ी हो सकती है ।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सं. C 481/101/E-Auction, दि.: 09.03.2023**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल ने पार्किंग के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है: (1) **केटलॉग सं.:** Parking-14-2023 (2) **अनुबंध का प्रकार:** Parking (3) **लॉट सं.:**

| | |
|---|---|
| PARKING-KOTA-KOTA-MX-15-23-2 | PARKING-KOTA-SVA-MX-44-22-2 |
| PARKING-KOTA-JLWC-MX-16-22-2 | PARKING-KOTA-AMLI-MX-42-22-2 |
| PARKING-KOTA-SVA-MX-29-22-3 | PARKING-KOTA-idg-MX-20-22-2 |
| PARKING-KOTA-MXL-MX-28-22-2 | PARKING-KOTA-KIW-MX-43-22-2 |
| PARKING-KOTA-DY-MX-35-22-2 | PARKING-KOTA-FSP-MX-39-22-2 |
| PARKING-KOTA-MEP-MX-46-22-2 | PARKING-KOTA-SGAC-MX-34-22-2 |
| PARKING-KOTA-bndi-MX-22-22-2 | PARKING-KOTA-CJW-MX-33-22-2 |
| PARKING-KOTA-THEA-MX-26-22-2 | PARKING-KOTA-ATRU-MX-30-22-2 |
| PARKING-KOTA-GOH-MX-17-22-2 | PARKING-KOTA-RMA-MX-27-22-2 |
| PARKING-KOTA-PDZ-MX-41-22-2 | PARKING-KOTA-CMU-MX-45-22-2 |
| PARKING-KOTA-KNDP-MX-18-22-2 | PARKING-KOTA-KNDP-MX-40-22-2 |
| PARKING-KOTA-BXN-MX-11-23-3 | |

**अनुबंध की अवधि:** PARKING-KOTA-KOTA-MX-15-23 के लिए 02 years, अन्य सभी केटलॉग के लिए 03 years, **ई-नीलामी की तिथि और समय:** सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 30.03.2023 को 10.00 बजे शुरु होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनिट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मोड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू/623/15, दि.: 17.03.2023**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| नं. | टेंडर संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 51/ 2023 | कोटा डिविजन, कोटा चित्तौड़ सेक्शन प्रोविजन ऑफ 2 बेय सीओपी एण्ड स्माल शेल्टर, टॉयलेट ब्लॉक एण्ड कूलर एट प्लेटफॉर्म अलोंगविद बेंचेज ,लाइट, फेन, एण्ड वॉटर बूथ एट स्टेशन ऑफ कोटा डिविजन (मांडलगढ, बस्सीबेरिसाल, पारसोली)। | ₹ 10321719.17 | ₹ 201600.00 |
| 2 | 52/ 2023 R | बेलेंस वर्क ऑफ कन्सट्रक्शन ऑफ फेंसिंग / बेरिकेटिंग ऑन अप्रोचेज ऑफ स्टेशन फोर हाई स्पीड रूट ऑन नागदा मथुरा सेक्शन। | ₹ 35507910.21 | ₹ 327500.00 |
| 3 | 53/ 2023 | डीईएन / नॉर्थ सेक्शन- (A) रीडवलपमेंट ऑफ श्री महावीरजी, हिन्डौनसिटी एण्ड गंगापुर स्टेशन (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस) - I (B) रीडवलपमेंट ऑफ श्री महावीरजी, हिन्डौनसिटी एण्ड गंगापुर स्टेशन (एचएल, पीएफ एण्ड एफओबी वर्क)- II | ₹ 48083952.99 | ₹ 390400.00 |
| 4 | 54/ 2023 | 1. सवाईमाधोपुर (एसडब्लुएम) रीडवलपमेंट ऑफ. सवाईमाधोपुर स्टेशन (एचएल,पीएफ एण्ड एफओबी वर्क) - II 2. सवाईमाधोपुर (एसडब्लुएम) रीडवलपमेंट ऑफ. सवाई माधोपुर स्टेशन (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस)- I | ₹ 29891738.61 | ₹ 299500.00 |
| 5 | 55/ 2023 | 1. बयाना ( बीएक्सएन) - रीडवलपमेंट ऑफ़ बयाना स्टेशन (एचएल, पीएफ एण्ड एफओबी वर्क)-II 2. बयाना (बीएक्सएन)- रीडवलपमेंट ऑफ बयाना (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस) - 1 3. भरतपुर (बीटीई) रीडवलपमेंट ऑफ भरतपुर स्टेशन (एचएल, पीएफ एण्ड एफओबी वर्क) - II 4. भरतपुर (बीटीई) रीडवलपमेंट ऑफ भरतपुर स्टेशन (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस)-I | ₹ 44917917.39 | ₹ 374600.00 |
| 6 | 56/ 2023 | 1. बारां (बीएजेड) - डवलपमेंट ऑफ़ बारां स्टेशन (एचएल, पीएफ एण्ड एफओबी वर्क) - II 2. बारां (बीएजेड) - रीडवलपमेंट ऑफ बारां (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस)-1 3. छबड़ागूगोर (सीएजी) रीडवलपमेंट ऑफ छबड़ागूगोर स्टेशन (एचएल, पीएफ एण्ड एफओबी वर्क)-II 4. छबड़ागूगोर (सीएजी) - रीडवलपमेंट ऑफ छबड़ागूगोर (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन वर्कस) - 1 | ₹ 32203449.11 | ₹ 311000.00 |
| 7 | 57/ 2023 | नागदा कोटा सेक्शन- रीडवलपमेंट ऑफ शामगढ एण्ड विक्रमगढआलोट स्टेशन (एफओबी एण्ड पीएफ सरफेस) एण्ड रीडवलपमेंट शामगढ एण्ड विक्रमगढआलोट स्टेशन (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन) अण्डर द जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन शामगढ। | ₹ 38814940.11 | ₹ 344100.00 |
| 8 | 58/ 2023 | नागदा कोटा सेक्शन- रीडवलपमेंट ऑफ रामगंजमण्डी, भवानीमण्डी एण्ड झालावाड सिटी स्टेशन (एफओबी एण्ड पीएफ सरफेस) एण्ड रीडवलपमेंट रामगंजमण्डी, भवानीमण्डी एण्ड झालावाड सिटी स्टेशन (एमईए एण्ड फेसेलिटीज फोर दिव्यांगजन) अण्डर द जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन रामगंजमण्डी। | ₹ 32844995.94 | ₹ 314200.00 |

**टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय:** क्र. 1, 2 के लिए-11.04.2023, 15.30 बजे एवं क्र. 3,4,5,6,7 व 8 के लिए-31.03.2023, 15.30 बजे । पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेल, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), प.म.रे., कोटा**

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!


# हिण्डौन अस्पताल में महिला की मौत

**हिण्डौन सिटी** । जिला अस्पताल में शुक्रवार को हुए नसबंदी शिविर में नसबंदी के बाद उपचाराधीन एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद काफी संख्या में पहुंचे मृतका के परिजनों व ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में चिकित्सक के प्रति लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।

इधर इस मामले की सूचना के बाद प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता, एसडीएम सुरेश चंद हरसोलिया, डीएसपी किशोरीलाल, तहसीलदार महेंद्र मीणा, नई मंडी थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर नीरज शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी राम रूप मीना जिला अस्पताल पहुंचे। मृतका के परिजनों ने हंगामा खड़ा करते हुए दोषी चिकित्सक के प्रति कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए। वहीं मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने एवं मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग रखी है। इधर चिकित्सा एवं प्रशासन के अधिकारी मृतका के परिजनों से पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाइश करते रहे, लेकिन परिजन नहीं माने। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को जिला अस्पताल में नसबंदी कैंप का आयोजन हुआ था। जिसमें करसोली

निवासी महिला सीमा जाटव (33) पति महेश जाटव अपनी सास मोरधनी जाटव के साथ नसबंदी का ऑपरेशन कराने के लिए आई हुई थी। बताया गया कि दोपहर 1 बजे महिला सीमा

देवी का ऑपरेशन हुआ। जिसके बाद उसे वार्ड भर्ती किया गया। कुछ घंटों बाद महिला की तबीयत बिगड़ी, उसे आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। इस दौरान महिला की मौत हो गई। ऑपरेशन के बाद मृतका की सास अस्पताल में मौजूद थी। उसे महिला की मौत की जानकारी चिकित्सा स्टाफ द्वारा दी गई। ऑपरेशन के दौरान महिला का पति मजदूरी कार्य करने के लिए क्षेत्र से बाहर गया हुआ था। मृतका के 3 बेटे और 2पुत्र है। जिसमें एक 3 महीने का बच्चा भी है। घटना के बाद परिजनों व स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी नजर आ रही है। इधर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र गुप्ता का कहना कि महिला सीमादेवी का नसबंदी ऑपरेशन सभी जांच प्रक्रिया के बाद ही किया गया था। जांच रिपोर्ट सन्तोषप्रद होने पर व महिला की सास की सहमति पर ही ऑपरेशन हुआ है। महिला की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। इधर हंगामे को देखते हुए अस्पताल में 4 थानों से पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। दूसरी ओर हिंडौन - बयाना रेलवे स्टेशन के बीच फतेहसिंहपुरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। मृतक अहमदाबाद में मजदूरी के लिए गांव से निकला था। जिला अस्पताल की मोर्चरी में जीआरपी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया।

## होली मिलन समारोह मनाया

**भरतपुर** (निस)। किसान मजदूर विद्यार्थी यूनियन (अंगद) द्वारा पुष्पवाटिका कोलोनी स्थित शारदा ऐकेडमी पर किसान मजदूर विद्यार्थी यूनियन (अंगद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि तथा ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मजदूर विद्यार्थी यूनियन (अंगद) के प्रदेश महासचिव इं. जीवन लाल शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन के संभाग अध्यक्ष डॉ. तेज सिंह, जिलाध्यक्ष बनय सिंह फौजदार, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह फौजदार, विधानसभा प्रभारी लाल सिंह सरपंच, एवं पूर्व पार्षद भीमसिंह डायरेक्टर थे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्पाहार पहनाया गया तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद शारदा एकेडमी के डायरेक्टर एवं जिला संयोजक अभिषेक शर्मा, धीरज मुदगल व ललित द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पाहार पहनाकर, पटका पहनाकर व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उदबोधन में कहा कि होली का त्यौहार सभी तरह के भेदभाव को मिटाकर सभी को एकसाथ मिलकर रहने की अनुभूति करने का त्यौहार है।

# डीग को जिला बनाने पर मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का आभार जताया



डीग जिला बनने पर कांग्रेसजनों ने दयाचंद पचौरी (दाएं से छठवें) के नेतृत्व में आभार जताया ।

**भरतपुर** (निस)। केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा रिवाइज बजट में अनेक विकास की सौगातें दिलाने एवं डीग को जिला बनाने की घोशणा के अवसर पर शहर एवं सेवर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने मिठाई वितरित कर खुशी मनाई और उनका आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इन सौगातों से भरतपुर को विकास के पंख लगेंगे।

सभी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर के लिए पिछले वर्षों में जितना बजट आवंटित किया है इतना स्वतंत्रता के बाद कभी भी आवंटित नहीं हुआ और यह सब डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से हो सका है।

रिवाइज बजट में जो घोषणाऐं कि हैं वे निश्चय ही मास्टर स्ट्रोक साबित होगी और इन्हें आने वाली पीढ़ियां भी याद करेगी। भरतपुर अब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में अग्रणी जिला बन जायेगा। डॉ. गर्ग का आभार व्यक्त करने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाचन्द पचौरी, सेवर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीनदयाल जाटव, पार्षद मुकेश, प्रेमसिंह प्रजापति, डॉ. निरंजन जघीना, सुरेश पदयात्री, नरेश लवानियां, कै. मिठ्ठन, विनोद मंहगाया, सतवंत चिकसाना, दिगम्बर खटाना, आकाश चिकसाना, कृष्णा राजपूत, सुरेश शर्मा सूरी, चन्द्रकान्त शर्मा, हरेन्द्र भंडारी, सतीश कुमार चिकसाना, रामप्रकाश, राघवेन्द्र, राम चिकसाना, राजेन्द्र चिकसाना, मनीष अग्रवाल आदि शामिल थे।

